80 हजार करोड़ के निवेश से पांच लाख युवाओं को मिलेगा रोजगार

प्रदेश सरकार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने का दावा

लखनऊ। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-3 में होने वाले 80 हजार करोड़ रुपये के निवेश से 5 लाख युवाओं को रोजगार मिलेगा। प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी व प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

सीएम योगी ने प्रदेश को निवेश का हब बनाने के लिए चार साल पहले इंवेस्टर्स समिट के माध्यम से प्रयास शुरू किए थे। सरकार के प्रवक्ता का दावा है कि प्रदेश उपभोक्ता राज्य से निर्यातक राज्य के रूप में उभर रहा है। यहां डाटा सेंटर में मेगा निवेश हो रहा है। इसमें 20 हजार करोड़ से अधिक का निवेश हो रहा है। आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स में आने वाले समय में कुछ और कंपनियों के प्रदेश में निवेश के आसार है। एमएसएमई सेक्टर में 78, कृषि में 14, आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स में 10 फीसदी निवेश हो रहा है। ब्यूरो

सीएम ने की तैयारियों की समीक्षा

मुख्यमंत्री ने सोमवार को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-3 के तैयारियों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को सभी तैयारियों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। इसमें करीब 14 सौ परियोजनाओं का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन जून को करेंगे। इसमें सबसे ज्यादा प्रोजेक्ट पश्चिमांचल, फिर पूर्वांचल और मध्यांचल और चौथे नंबर पर बुंदेलखंड में लग रहे हैं।